


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 66 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 15 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया

## पशुपतिनाथजी को लगने लगी ठंड, ओढ़ाया कंबल



**मंदसौर, 14 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ठंड से बचाव के लिए भगवान पशुपतिनाथ को कंबल ओढ़ाना शुरु कर दिया गया है। हर साल ज्यादा ठंड पड़ने पर भगवान को कंबल ओढ़ाया जाता है और शयन आरती के बाद गर्भगृह में हीटर भी चालू किए जाते है। इसी तरह गरमी में ऐसी और पंखो से गरमी भगाने की कवायद की जाती है। दरअसल उत्तरी हवाओं ने इन दिनो ठिठुरन बढ़ा दी है। रात के तापमान में एक डिग्री तक की गिरावट आई है। मंगलवार को जहां न्यूनतम ....... शेष पेज 4 पर

# आशीर्वाददाता बदले थाना बदलना भी तय

## एसपी, कलेक्टर सहित कई अधिकारियों के जल्द स्थानांतरण

**मंदसौर, 14 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में दो विधानसभा में थानेदारों से लेकर पुलिस वालों की बदली संभावित है। इसका कारण है दोनो विधानसभा में विधायकों का बदलना। मंदसौर और गरोठ विधानसभा क्षेत्र में विधायकों के चेहरे बदल गए है। इसके अलावा मुख्यमंत्री बदलने के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों का फेरबदल भी तय है। ऐसी स्थिति में मंदसौर एसपी और कलेक्टर सहित कई अधिकारियों के स्थानांतरण के जल्द कयास भी लगाए जा रहे हैं।

### ऐसे समझे टीआई का गणित...

हर विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में अपनी पसंद का थाना प्रभारी रखता है। मतलब साफ है कि विधायक समर्थकों को भाने वाला ही विस क्षेत्र के थानों पर काबिज होता है। इधर गरोठ की बात करें तो विधायक भाजपा के बने हैं। लेकिन, चेहरा देवीलाल धाकड़ से बदलकर चंदरसिंह सिसौदिया का हो गया है। मतलब यहां नए विधायक और समर्थकों की पसंद के टीआई और अन्य पुलिस अधिकारी हों गे। इसके अलावा मंदसौर में पूर्व विधायक के आशीर्वाद से थानों पर जमे अधिकारियों और पुलिस वालों का भी तबादला होने की संभावना है। हालांकि, सरकार भाजपा की होने से पुलिस प्रशासन में उनका पूरा दखल रहने की बात भी कही जा रही है। एक और कारण यह है कि अगर एसपी का तबादला होता है तो नया आने वाले भी अपनी रणनीति के तहत थाना प्रभारियों को फीट करेंगे। मल्हारगढ़ और सुवासरा विस में ज्यादा बदलाव की संभावना नजर नहीं आ रही।

### बदल सकते हैं कई कलेक्टर...

माना जा रहा है कि जल्द ही प्रशासनिक स्तर पर भी जल्द बड़े बदलाव होंगे। मुख्यमंत्री सचिवालय में अधिकारियों को बदला जा सकता है। वर्तमान में मनीष रस्तोगी सीएम के पीएस के तौर पर पदस्थ हैं। वे मार्च 2020 से इस पद पर बने हुए हैं। इस तरह उनका एक ही स्थान पर साढ़े तीन साल से ज्यादा का समय हो चुका है। इसके अलावा कई और विभागों में कई अधिकारी तीन साल और उससे ज्यादा समय से पद पर डटे हुए हैं। ऐसे अधिकारियों का हटना तय माना जा रहा है। इसके अलावा कई जिलों के कलेक्टर, आईजी, एसपी और संभागायुक्त को भी बदला जा सकता है। इनमें से कई अधिकारियों की शिकायतें चुनाव के दौरान बीजेपी ने चुनाव आयोग से की थी। मुख्यमंत्री बनाए गए मोहन यादव बतौर मंत्री उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और कमिश्नर से उनकी अच्छी ट्यूनिंग रही है, माना जा रहा है कि सीएम की टीम में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# भाजपा नेता धीरज पाटीदार और उसके भाई पर एफआईआर

## किसान की हार्वेस्टर मशीन बिना सूचना के कर दी नीलाम, चुनाव के साईड इफेक्ट दिखना शुरु..!

**मंदसौर, 14 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा नेता धीरज पाटीदार और उसके भाई के खिलाफ वायडी नगर थाने में एक किसान ने एफआईआर दर्ज कराई है। हार्वेस्टर मशीन आरोपियों के संस्थान से लेकर फाईनेंस कराई गई थी। फाईनेंस कंपनी के साथ मिलकर दोनों ने मशीन को धोखे से मरम्मत करवाने के लिए बुलावाया। इसके बाद मशीन को नीलाम करवा दिया गया। इसके बाद भी ढाई लाख से ज्यादा रूपए ब्याज की मांग की जा रही है। इस मामले में वायडी नगर पुलिस ने फाईनेंस कंपनी के मैनेजर सहित दोनों भाईयों पर धारा 406, 409 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इधर यह माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के साईड इफेक्ट अब दिखना शुरु हो गए है। संसदीय क्षेत्र में एक भी पाटीदार को टिकट नहीं मिलने से बीते चुनाव में पाटीदार समाज नाराज बताया जा रहा था। हुआ भी ऐसा ही, पाटीदार बहुल गांवो में इस बार भाजपा को काफी कम वोट मिले।

वायडी नगर पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार किसान रमेशचंद्र पिता सीताराम सुतार निवासी बोलिया ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि धीरज पाटीदार और पवन पाटीदार द्वारा जेपी ट्रैक्टर्स एवं धीरज पंप एजेंसी का संचालन किया जाता है। दोनों भाई जान डीयर फायनेंस कंपनी के कमीशन पर एजेंसी चला रहे हैं। जिससे कृषि उपकरण एवं हार्वेस्टर मशीन का विक्रय करते हैं। रमेश ने 2020 में जेपी ट्रैक्टर्स से क्रय किया। ट्रैक्टर पर चलित कार्बाईन हार्वेस्टर धीरज पंप एजेंसी से जान डियर ट्रैक्टर से फाईनेंस कराया। इसमें 7 लाख 29 हजार का फाईनेंस पवन पाटीदार द्वारा अपनी फर्म मेसर्स जोन डियर कंपनी से कराया गया था। कोरोना में व्यवसाय ठप हो गया। जिसके बाद कंपनी के द्वारा सब्सीडी भी नहीं दी गई। इधर यंत्र की मरम्मत कराने के लिए दोनों भाई ले गए। इसके बाद उसे नीलाम कराकर बकाया राशि जमा कर ली गई। जबकि, इस संबंध में रमेशचंद्र को कोई सूचना तक नहीं दी गई। इधर ढाई लाख से ज्यादा और ब्याज की रकम मांगी जा रही है। जबकि कंपनी के पास किसान के चेक भी रखे हैं। ऐसे में चेक का दुरुपयोग की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में वायडी नगर पुलिस को आवेदन देकर शिकायत की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### बगैर जांच दर्ज की एफआईआर...

भाजपा नेता धीरज पाटीदार से इस संबंध में चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि सरासर गलत एफआईआर दर्ज की गई है। किसान के पास यदि हार्वेस्टर का बिल हो तो उसे पेश करना चाहिए। उसने पहले भी गरोठ थाने में आवेदन दिया था। जहां हमारा पक्ष सुनने और दस्तावेज देखने के बाद आवेदन को फाईल कर दिया गया था। वायडी नगर में भी पहले हुई जांच में आवेदन को प्रकरण दर्ज करने लायक नहीं माना गया था। किन्तु, चुनाव बाद मुझे सूचना मिली और मैने अधिकारियो से संपर्क किया तो कहा गया कि आपकी बात सुनने के बाद ही फैसला करेंगे। लेकिन, न तो मेरे बयान लिए गए और न ही मुझसे दस्तावेज मांगे गए। एक तरफा एफआईआर दर्ज की है। जो सरासर गलत है। फायनेंस जान डियर कंपनी ने किया था, हमने नहीं। जो भी बात है, कंपनी से करना चाहिए। पूरे मामले में हमारा कोई रोल नहीं है।



# मानीयों की जेब खाली

## विकास कार्यो के लिए बजट का इंतजार



**मंदसौर, 14 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** निर्वाचन के बाद चुन कर आए सभी माननीयों के हाथ अभी खाली हैं। सभी को विकास कार्यों के लिए बजट का इंतजार करना होगा। ऐसे में नए चुने गए माननीयों की परेशानियां बढ़ सकती हैं। मतदाता जहां उनसे विकास कार्यों की आस लगाए हैं। वहीं, बजट का अभाव उनको निराश कर सकता है।

### प्रत्येक विधानसभा में सवा तीन करोड़ की राशि...

विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले प्रत्येक विधानसभा में विकास योजना के अंतर्गत ढाई करोड़ और स्वेच्छानुदान मद की 75 लाख रुपए की राशि के प्रस्ताव पूर्व विधायकों ने भेज दिए थे। ऐसे में इस निधि में अब कोई भी राशि शेष नहीं है।

### दो पर नए विधायक...

जिले के की चार विधानसभा सीटों में से एक पर कांग्रेस का तो तीन भाजपा के विधायक है। विधानसभा चुनाव के बाद दो जगहों पर परिस्थितियां बदल गई हैं। इसमें गरोठ में विधायक जरुर बदले है, लेकिन भाजपा का कब्जा सीट पर बरकरार है। वहीं मंदसौर में कांग्रेस का विधायक काबिज हुआ है। इधर मल्हारगढ़ और सुवासरा में दोनों ही विधायक फिर से चुने गए है।



**माक ड्रील में भी लापरवाही–** कोरोना जैसी महामारी से बचाव के लिए मंदसौर में गुरुवार सुबह की गई माक ड्रील अर्थात रिहर्सल में भी लापरवाही दिखी। बगैर मास्क के नजर आए कर्मचारी। कुछ कर्मचारियों के हाथो में दस्ताने ने भी नही थे। अस्पताल प्रबंधन को ध्यान देने की जरुरत है।

# उत्कृष्ट और मॉडल स्कूलों में स्टाफ के दो बच्चों को मिलेगा सीधे प्रवेश

**मंदसौर, 14 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और मॉडल स्कूलों में पदस्थ स्टाफ के अधिकतम दो बच्चों को कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक अब सीधे प्रवेश मिलेगा। उन्हें एडमिशन के लिए चयन परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता नहीं होगी। यह निर्णय इसी शैक्षणिक सत्र से लागू होगा।

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किया है। यह आदेश जिला शिक्षा अधिकारी को भी जारी किया गया है। बता दे कि जिला मुख्यालय पर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय और गरोठ-भानपुरा में दो मॉडल स्कूल है। जहां चयन परीक्षा के बाद प्रवेश दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि अभी तक ऐसे स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रदेश स्तर पर कॉमन एंट्रेस टेस्ट का आयोजन होता था। इसमें चयन के बाद ही छात्रों को प्रवेश मिलता था। परीक्षा का आयोजन मध्य प्रदेश राज्य ओपन बोर्ड के माध्यम से होता था। चयन न होने पर विभागीय कर्मचारी अपने बच्चों को प्रवेश नहीं दिला पाते थे।

जानकारों का मानना है कि मॉडल और एक्सीलेंस स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने यह निर्णय किया है। यदि इन स्कूलों में स्टाफ के बच्चे पढ़ेंगे तो पढ़ाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी में आसानी होगी। शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।




# श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह विवादित परिसर का होगा सर्वे, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वीकार की याचिका

**मथुरा, 14 दिसंबर। उत्तरप्रदेश के मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह विवादित परिसर का सर्वे कराया जाएगा। इस आशय का फैसला आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया है। हिंदू पक्ष की याचिका स्वीकार करते हुए कोर्ट ने सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष वक्फ बोर्ड की उन दलीलों को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने इन याचिका को सुनने योग्य नहीं होने का दावा किया था।**

हाईकोर्ट के जस्टिस मयंक कुमार जैन की एकल पीठ ने फैसला सुनाया है। 16 नवंबर को इस याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। इस दिन विवादित परिसर की 18 याचिकाओं में से 17 पर सुनवाई हुई थी। ये सभी याचिकाएं मथुरा जिला अदालत से इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए शिफ्ट हुई थी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह के 13.37 एकड़ विवादित जमीन का कोर्ट कमिश्नर सर्वे करेंगे। यह सर्वे वाराणसी की ज्ञानवापी में मई 2021 में हुए कमिश्नर सर्वे की तरह होगा। इसमें कोर्ट कमिश्नर की टीम वहां जाकर साक्ष्य एकत्रित करके कोर्ट को रिपोर्ट देगी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद हिंदू पक्ष के पक्ष वकील विष्णु



शंकर जैन ने कहा हमने मांग की थी कि मथुरा में 13.37 एकड़ विवादित भूमि योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की है। मस्जिद का गलत कब्जा है, उस कब्जे को हटाया जाकर 12 अक्टूबर 1968 के समझौते को अवैध घोषित किया जाए।

हमने कोर्ट में मांग की थी कि कोर्ट कमिश्नर सर्वे बहुत जरूरी है। हमारी मांग पर कोर्ट ने आदेश दे दिया है। कोर्ट कमिश्नर की टीम में कितने सदस्य होंगे, कौन-कौन होंगे, कब सर्वे करेंगे, कैसे फोटो-वीडियोग्राफी होगी, ये सब 18 दिसंबर को हाईकोर्ट में होने वाली अगली सुनवाई में तय होगा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद को लेकर मथुरा कोर्ट में 18 याचिकाओं में से 17 पर सुनवाई हुई थी। इनमें से ज्यादातर याचिकाओं में कोर्ट कमिश्नर सर्वे की मांग की गई थी। मई 2023 में श्रीकृष्ण विराजमान की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। इस पर कोर्ट ने मथुरा कोर्ट में चल रहे सभी इस मामले से संबंधित मुकदमों को हाईकोर्ट में ट्रांसफर करवा लिया था। श्रीकृष्ण विराजमान की याचिका में हरिशकंर जैन, विष्णु जैन व रंजना अग्निहोत्री याचिककर्ता हैं।

जस्टिस मयंक जैन ने बारी-बारी से मुकदमों की सुनवाई की। पक्षकारों की तरफ से अर्जियां और हलफनामे दाखिल किए गए। किसी ने पक्षकार बनाने तो किसी ने संशोधन की अर्जी दी। इसके बाद कोर्ट ने दूसरे पक्ष यानी मुस्लिम पक्ष को सिविल वाद व अर्जियों पर जवाब दाखिल करने का समय दिया था। एक पक्षकार ने मंदिर का पौराणिक पक्ष रखते हुए कहा था कि भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र ने मथुरा मंदिर का निर्माण कराया था। मंदिर के लिए जमीन दान में मिली। इसलिए जमीन के स्वामित्व का कोई विवाद नहीं है। मंदिर तोड़कर शाही मस्जिद बनाने का विवाद है। राजस्व अभिलेखों में जमीन अभी भी कटरा केशव देव के नाम दर्ज है।

### 1968 में हुआ था समझौता...

1946 में जुगल किशोर बिड़ला ने जमीन की देखरेख के लिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट बनाया था। साल 1967 में जुगल किशोर की मृत्यु हो गई। कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसारए 1968 से पहले परिसर बहुत विकसित नहीं था। साथ ही 13.37 एकड़ भूमि पर कई लोग बसे हुए थे। 1968 में ट्रस्ट ने मुस्लिम पक्ष से एक समझौता कर लिया। इसके तहत शाही ईदगाह मस्जिद का पूरा मैनेजमेंट मुस्लिमों को सौंप दिया। 1968 में हुए समझौते के बाद परिसर में रह रहे मुस्लिमों को इसे खाली करने को कहा गया, साथ ही मस्जिद व मंदिर को एक साथ संचालित करने के लिए बीच दीवार बना दी गई। समझौते में यह भी तय हुआ कि मस्जिद में मंदिर की ओर कोई खिड़की, दरवाजा या खुला नाला नहीं होगा। यानी यहां उपासना के दो स्थल एक दीवार से अलग होते हैं। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि 1968 का यह समझौता धोखाधड़ी से किया गया था और कानूनी रूप से वैध नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में देवता के अधिकारों को समझौते से खत्म नहीं किया जा सकता है। क्योंकि, देवता कार्यवाही का हिस्सा नहीं थे।

# श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ धाम की प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत वरघोड़ा व चल समारोह निकला





**मंदसौर, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा. व अन्य 4 जैन आचार्यो की पावन निश्र में गुरूवार को श्री आर्यरक्षितसूरि जैन तीर्थ धाम में स्थापित होने वाली जिन प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल चल समारोह (रथयात्रा) निकाला गया। चन्द्रपुरा मेन रोड पर नवनिर्मित 55 फीट की जिनालय में शुक्रवार को उवसग्गहरं पार्श्वनाथ व प.पू. युग प्रधान आचार्य श्री आर्यरक्षित सूरिराज की गुरूमूर्ति की भव्यापतिभव्य प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत तीर्थ उद्घाटन व अंजनशलाका की प्रतिष्ठा होगी। प्रतिष्ठा के एक दिवस पूर्व गुरूवार को आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री सोम्यचन्द्रजी म.सा., आचार्य श्री विवेकचन्द्रसागरजी म.सा., आचार्य श्री चन्द्रसागरजी म.सा., आचार्य श्री प्रसन्नचन्द्रसागरजी म.सा. व मुनिराज श्री धैर्यचन्द्रसागरजी म.सा. व कई जैन साध्वियों की पावन निश्रा में प्रभु पार्श्वनाथजी के दीक्षा कल्याणक की रथयात्रा (भव्य वरघोडा) जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में जैन श्रावक श्राविकाओं की गरिमामय उपस्थिति में श्री गोपालकृष्ण गौशाला से चल समारोह से यह चल समारोह प्रारंभ हुआ। इस चल समारोह में 21 ढोल, 12 गोधरा गुजरात से आये विशेष ढोल, 8 घोडे, 2 हाथी, 2 उंन्ट एवं एक बैलगाडी का रथ भी शामिल हुए। यह चल समारोह गोपालकृष्ण गौशाला से प्रारंभ हुआ और कालाखेत रोड नं. 3, सदर बाजार, मण्डी गेट, पशुपतिनाथ मंदिर मार्ग, जगतपुरा चौराहा, शिवना नई पुलिया होते हुए नवनिर्मित श्री आर्यरक्षितसूरि जैन तीर्थ धाम पहुंचा। इस चल समारोह में हाथी पर बैठने की बोली लेने वाले हिम्मत लोढा ने अपनी मीना लोढा के साथ बैठकर प्रभुजी की रथयात्रा में सहभागिता की। पूरे चल समारोह में गुजरात गोधरा से आये ढोल व उनकी ध्वनि आकर्षण का केन्द्र रही। प्रात:काल के स्वामीवात्सल्य को कराने का धर्मलाभ मोहनलालजी मुथा परिवार चेन्नई व सायंकाल के स्वामीवात्सल्य का धर्मलाभ श्री नानालालजी सुराणा परिवार दलौदा की ओर से राजेन्द्र सुराणा, सोहनलाल, निर्मलकुमार, विजय सुराणा व अभय सुराणा ने प्राप्त किया। कल चल समारोह के उपरांत मंदिरजी की प्रतिष्ठा में स्थापित जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा हेतु बोलिया लगाई गई जिसमें भगवान आदिनाथ की प्रतिष्ठा की बोली मोहनबाई खुमानसिंह भंडारी परिवार ने ली। शिखरजी पर ध्वज चढ़ाने की बोली का लाभ शांतिलाल लोढ़ा परिवार की ओर से हिम्मत लोढ़ा व प्रदीप लोढ़ा ने लिया।

**ये धर्मालुजन हुए शामिल**-चल समारोह में सकल जैन समाज संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा, अध्यक्ष प्रदीप कीमती, पूर्व अध्यक्ष राजमल गर्ग अंकित, श्रीं आर्यरक्षित सूरि धाम जैन तीर्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा (हिम्मत होम), उपाध्यक्ष मुकेश खमेसरा, सचिव दिलीप डांगी, सहसचिव दिलीप कुमार संघवी, कोषाध्यक्ष अनिल संघवी, ट्रस्टीगण लक्ष्मीलाल भण्डारी, नेमकुमार संघवी, हिम्मत डांगी, विरेन्द्र भण्डारी, समाजसेवी हिम्मत लोढ़ा, कपिल भण्डारी, शैलेन्द्र भण्डारी, अभिषेक खमेसरा, चेतन खमेसरा, धर्मेन्द्र खमेसरा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मूर्तिपूजक श्रीसंघ अध्यक्ष अरविन्द बोथरा, समाजसेवी राजेन्द्र खमेसरा, सुरेन्द्र डोसी, श्याम छाजेड़, दिलीप लोढ़ा, अनिल लोढ़ा, राजेन्द्र कोठारी, अरूण डोसी, कुशल डोसी, अशोक श्रीमाल, अनिल मुरड़िया, राजेन्द्र चण्डालिया, अभय नाहटा, सुशील बोथरा, विरेन्द्र कर्नावट, प्रदीप लोढ़ा, माणकलाल बाफना, अजीत नाहर, विजय डांगी, प्रियांश डांगी, अमित छिंगावत, सुशील जैन कच्छारा, सुनील तलेरा, छोटेलाल जैन, रखबचंद जैन किर्लोस्कर, मनीष जैन वीएमएस, अरूण जैन धमनारवाला, भरत संघवी, प्रदीप छाजेड, महेन्द्र मालपुरिया, सुशील संघवी सहित कई गणमान्य नागरिकगण शामिल हुए।

## संसद घुसपैठ मामले में 8 सुरक्षा कर्मी सस्पेंड

**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर।** संसद में घुसपैठ करने वाले दो आरोपियों व उनके दो सहयोगियों को आज पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। इधर संसद सचिवालय ने आज 8 सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इनके नाम रामपाल, अरविंद, वीरदास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित व नरेंद्र हैं।

संसद में अंदर व बाहर की सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई। संसद के अंदर जाने वालों की जूते उतरवाकर चेकिंग की गई। इस बीच मेघालय के सीएम कॉनराड संगमा को मकर द्वार से बिल्डिंग के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। जिसके बाद संगमा अपनी कार से उतरे व शार्दुल द्वार से होते हुए संसद के अंदर गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों ने पहले ही संसद के बाहर की रेकी कर ली थी। सभी आरोपी एक सोशल मीडिया पेज भगत सिंह फैन क्लब से जुड़े थे। आरोपी सागर जुलाई में लखनऊसे दिल्ली आया था लेकिन संसद भवन में इंट्री नहीं कर सका था। 10 दिसंबर को एक-एक करके सभी अपने-अपने राज्यों से दिल्ली पहुंचे।

# धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभार ग्रहण करने के बाद प्रथम नस्ती पर हस्ताक्षर किये, ध्वनि प्रदूषण की जाँच के लिये सभी जिलों में उड़नदस्ते गठित किये जायेंगे**

**मंदसौर, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउड स्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किया जा सकेगा। राज्य शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण तथा लाउड स्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जाँच के लिये सभी जिलों में उड़नदस्ते गठित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में प्रभार ग्रहण करने के बाद इससे संबंधित प्रथम नस्ती पर हस्ताक्षर किये।

मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है। इसके तहत लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण तथा लाउड स्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जाँच के लिये सभी जिलों में उड़नदस्ते नियमित और आकस्मिक रूप से धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों जहाँ ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होता है, का निरीक्षण करेंगे तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में अधिकतम 3 दिन में जाँच कर प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। उड़नदस्तों में जिला प्रशासन द्वारा नामित अधिकारी, संबंधित थाने का प्रभारी तथा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नामित अधिकारी सदस्य रहेंगे। जिले के समस्त उड़नदस्तों का नोडल अधिकारी एक अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी स्तर का अधिकारी होगा, जिसे जिला कलेक्टर द्वारा नामित किया जायेगा। धर्म गुरूओं से संवाद और समन्वय के आधार पर लाउड स्पीकरों को हटाने का प्रयास किया जायेगा। ऐसे धार्मिक स्थलों की सूची बनाकर जहाँ इन नियमों और निर्देशों का अनुपालन नहीं हो रहा है, जिला स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा कर पालन प्रतिवेदन आगामी 31 दिसंबर तक गृह विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। ध्वनि प्रदूषण के मामलों की सतत निगरानी के लिये अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध अनुसंधान विभाग) पुलिस मुख्यालय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी समय-समय पर लाउड स्पीकरों, डीजे आदि के अवैधानिक प्रयोग के संबंध में प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

# युवाओं को एचआईवी/एड्स से सावधानी के विषय में बताया



**मंदसौर, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** एच.आई.वी./ एड की रोकथाम के लिए पखवाडा डॉ. जी.एस.चौहान सी.एम.एच.ओ. एवं डॉ निशांत शर्मा नोडल अधिकारी जिला एड रोकथाम एवं नियंत्रण इकाई के मार्गदर्शदन में जिले में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय योजना सेवा के तहत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा में एच.आई.वी. / एड पर छात्र एवं छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में श्री राजेश रजक जिला पर्यवेक्षक ने युवाओ को एच.आई.वी. / एडएवं जीवन कौशल के विषय में बतलाया। कि हम सभी जीवन में उच्च जोखिम पूर्ण व्यवहार अपनाते है जिसमें कई बार किसी किसी को नशे की लत लगना, सुई सीरिंज से नशा करना इत्यादि की आदत पड़ जाती है। इसके साथ कुछ अन्य आदते भी लग जाती है। इस प्रकार के व्यवहार को हम कैसे कम करे। अपने व्यक्तिव का निर्माण एवं लक्ष्यं का निर्धारण कैसे करे इत्यादि। श्री अखिलेश पंवार प्रोग्राम आसीफर श्वेतना ने बच्चों को गर्भवती मॉ से होने वाले शिशु के संक्रमण के विषय में बतलाया एवं इस संक्रमण को रोकने के लिए शासन के क्या प्रयास चल रहे है से अवगत कराया। युवाओ के प्रश्नो के उत्तर दिये एवं कार्यक्रम उपरांत छात्र एवं छात्राओं से प्रश्नोत्तर किये। जिसके द्वारा सही उत्तर दिये उन्होने पुरूस्कार दिये गये। एच.आई.वी. की अधिक जानकारी के लिए 1097 नम्बर डायल कर प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम का प्रारंभ मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ गजराज पण्डया प्राध्यापक ने किया एवं आभार श्रीमती अरूणा नापित सहा. प्राध्यापक प्रभारी एन.एन.एस. ने माना। इस अवसर पर श्री तौसिफ नागोरी प्रभारी प्राचार्य, डॉ. निधी रावल, डॉ उंकार सिहं रावत, श्री रविन्द्र जोशी लेंबटेक्निशियन, श्री मुनव्वर शेख फ्रील्डप आफीसर एवं स्टुडेन्ट उपस्थित थे। साधन्यवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# मध्यप्रदेश भारत स्काउट गाइड का दल अहमदाबाद रवाना



**मंदसौर, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश भारत स्काउट गाइड भोपाल द्वारा चयनित मंदसौर जिले का एकमात्र मध्यप्रदेश का स्काउट गाइड दल 17वीं पश्चिम रेलवे राज्य स्टेट रैली में भाग लेने हेतु 13 दिसंबर को वीर भूमि एक्सप्रेस से अहमदाबाद के लिए रवाना हो गया। रैली को शुभकामना देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज ने मंदसौर रेलवे स्टेशन से रात्रि में रवाना किया। उन्होंने स्काउट गाइड से प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्टप्रदर्शन का आवाहन किया। आपने कहा कि मंदसौर जिले के यहां गौरव की बात है कि पूरे मध्य प्रदेश से केवल मंदसौर जिला ही इस पश्चिम रेलवे की राष्ट्रीय रैली में भाग ले रहा है।

स्काउट गाइड जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवम जिला प्रभारी दीपिका बैरागी ने मंदसौर जिले का चयन करने के लिए प्रदेश के वरिष्ठपदाधिकारियो आभार व्यक्त किया कि उनके द्वारा जिले की गतिविधियों के आधार यह अवसर प्रदान किया गया। जिले के कांटीजेंट लीडर जिला रोवर्स कमिश्नर महंत एनडी वैष्णव ,स्काउट दल प्रभारी जिला काउंसलर स्काउट गिरधारी लाल भावसार, गाइड दल प्रभारी जिला कमिश्नर गाइड सलमा शाह,सहयोगी दुर्गेश मेहर के साथ ही 17 स्काउट गाइड भाग ले रहे हैं। ये है 17वी राष्ट्रीय स्तर की स्काउट स्टेट रैली में भाग लेने वाले स्काउट गाइड-शासकीय उमावि नंदावता के बालेश्वर पिता रतनलाल, पीयूष पिता नंदलाल, प्रवीण पिता भगवती लाल, शासकीय उमावि बालागुडा के पीयूष पिता मुकेश प्रजापत, शासकीय उत्कृष्ट उमावि मंदसौर के विवेक पिता लोकेश, कुलदीप पिता संजय देवेंद्र पिता हीरालाल, हाई स्कूल ढाबला गुजर के धीरज पिता निर्मल, जे.जे.इं. स्कूल सुवासरा के प्रतीक पिता कैलाशचंद, गाइड दल की कुमारी ज्योति पिता कचरूलाल शासकीय उ.मा.वि. नंदावता की कुमारी प्रिया पिता सुरेश, कुमारी निशा पिता जगदीश शा.मा.ल.बा.उ.मा.वि मंदसौर, कुमारी ललिता पिता कमल सिंह,मनीषा पिता शिवसिंह रेखा पिता हीरालाल, लक्ष्मी पिता हरजी,मीनाक्षी पिता सरदार, शासकीय हाई स्कूल ढाबला गुजर,सुखदेव बोरीवाल रहे। स्काउट ब्लॉक प्रभारी ने भी बच्चो को बधाई दी। इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख ने सभी स्काउट गाइड को शुभकामनाएं दी प्रतियोगिता में सफल होने के लिए प्रेरित किया। उक्त जानकारी स्काउट गाइड जिला प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख ने दी।

## काव्यांशी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**मंदसौर, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर की काव्यांशी चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय रोलर स्केटिंग संघ द्वारा चेन्नई में आयोजित हो रही 61 वी राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में 5 से 7 आयु वर्ग में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी काव्यांश कुंवर पिता श्याम सिंह चंद्रावत 4 वर्ष की आयु से नियमित मंदसौर जिला स्केटिंग संघ के अंतर्गत स्केटिंग का अभ्यास कर रही है ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में काव्यांशि ने रजत पदक जीत कर इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया इससे पहले काव्यांशी रतलाम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी पदक जीत चुकी है इसी वर्ग में काव्यांशी से पूर्व भी कनिका दीपक मंगल चंडीगढ में आयोजित 59 वी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मंदसौर जिले का नाम रोशन कर चुकी है इसी वर्ग में इतनी बडी प्रतियोगिता में भाग लेना बच्चों के भविष्य के लिए बहुत ही सुखद अनुभव होता है। अधिक जानकारी देते हुए मंदसौर स्केटिंग संघ के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि चेन्नई में आयोजित हो रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे भारत के 48 से ज्यादा राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाडी भाग लेंगे इस प्रतियोगिता में पूरे देश के 9000 से ज्यादा खिलाड़ियों के सहभागिता करने की संभावना है इसमें काव्यांशी इन लाइन 5 िं7 आयु वर्ग की मध्य प्रदेश के खिलाड़ी के रूप में प्रदर्शन करेगी इस खिलाड़ी के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं जिला स्केटिंग संघ के अध्यक्ष कपिल भंडारी अनिल चौधरी विकास भंडारी अनिल जैन दीपक मंगल निलेश बाफना सचिव राकेश श्रीवास्तव सचिन काले लाभांशी हेजु जितेंद्र कनोजिया देवेंद्र बैरागी रिंकू शुक्ला सीनियर खिलाडी जलज सिसोदिया कनिष्क पवार तरण पाटीदार विराज पारीक पलक जैन देशना जैन माही जैन कनिका जोशी आदि ने दी।

# खुले में मांस एवं मछली के विक्रय पर रोक, आज से चलेगा अभियान

**मंदसौर, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खुले में बिना अनुमति मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित किया जायेगा। इसके संबंध में 15 दिसम्बर से सभी नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत विशेष अभियान चलाया जायेगा। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में सामान्यत: किसी भी प्रकार के व्यवसाय, दुकान, बाजार या रेहडी आदि लगाने के लिये नगरीय निकायों द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम-1956 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत अनुज्ञा/अनुमति/अनापत्ति प्रदान की जाती हैं। विशेष रूप से किसी भी प्रकार के मांस एवं मछली के विक्रय के लिये नगरीय विकास विभाग के अधिनियमों के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधान लागू होते हैं। इसके अंतर्गत जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मांस एवं मछली के विक्रय के संबंध में अतिरिक्त शर्तें र्लगाई जाती हैं। इस अधिनियम के अंतर्गत मांस एवं मछली के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच/दरवाजा एवं साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था होना अनिवार्य है। इसके साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर उक्त सामग्री का विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है। सभी जिला कलेक्टर्स, नगरीय निकायों के आयुक्तों और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अधिनियमों/नियमों एवं लायसेंस की शर्तों र्का पालन कड़ाई से कराने के निर्देश दिये गये हैं। सभी निकाय क्षेत्रों में आगामी 15 दिवस तक अतिक्रमण निरोधी दस्ते तथा स्वास्थ्य अमले के अतिरिक्त जिला एवं पुलिस प्रशासन विशेष अभियान चलायेगा। यह अभियान 15 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 31 दिसम्बर तक निरंतर चलाया जायेगा। राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

## ऊर्जा क्लब द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया

**मंदसौर, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि महाविद्यालय में ऊर्जा क्लब द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महेशजी हनवन्त, ऊर्जा विभाग जिला मंदसौर ने इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझाते हुए ऊर्जा बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है पर जोर दिया जिसके लिए घरों में उपयोग होने वाले फाइव स्टार रेटेड उपकरण, एलईडी बल्ब/ट्यूबलाईट, आधुनिक बीएलडीसी पंखों के उपयोग के लिए जागरूक किया तथा इन उपकरणों को खरीदते समय आईएसआई एवं बीईई लेबल मार्क देखकर खरीदने का आव्हान किया। इन आधुनिक उपकरणों के उपयोग से 50 प्रतिशत तक बिजली की खपत कम की जा सकती है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए कार्बन उत्सर्जन के कारक जैसे पेट्रोल, डीजल आदि ईधनों का उपयोग कम करने के प्रति जागरूक किया क्योंकि पांरपरिक ऊर्जा स्त्रोंतों को बचाकर ही हम भविष्य के लिए ऊर्जा का उपयोग कर पायेगें।साथ ही साथ बायोगैस माडल(गोबर गैस) एवं पवन ऊर्जा के उपयोग पर प्रकाश डाला तथा सौर ऊर्जा के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी साझा की गई।

# भानपुरा के मुख्य बाजारों व गली मोहल्लों से मछली, मांस, अंडे की दुकानें तत्काल हटाई जाए-सनातन धर्म मंडल

**अमित हरसोला**



**भानपुरा, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा ने मध्य प्रदेश के नवागत मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री दव्य श्री जगदीश देवडा एवं श्री राजेन्द्र शुक्ल के कैबिनेट मंत्रालय द्वारा प्रदेश में खुले में तथा बिना अनुमति के मांस, मछली मांसाहार के विक्रय पर रोक लगाई जाने के आदेश का निर्णय स्वागत योग्य है। श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा द्वारा उपरोक्त निर्णय का हार्दिक स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव एवं मंत्रिमंडल का आभार व्यक्त किया है।

श्री सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष लालचंद रुद्रवाल , कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल माटा, उपाध्यक्ष जितेंद्र पुरोहित, अशोक माली, जितेंद्र हाडा, सचिव अनिल कुमार राठौर सहित मार्गदर्शक मंडल व पदाधिकारी गण भूपेंद्र कुमार सोनी, डॉ राजेंद्र कुमार दुबे, जितेन्द्र पुरोहित, अशोक कुमार भालिया,मनोज वधवा, पवन उपाध्याय, विनीत कुमार बंबोरिया, करण भूटानी,डॉ विष्णु गुर्जर, विवेक कुमार दुबे, युवा श्री सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष धनराज चौहान, राजेश सोनी, भागचंद मांदलिया,जीतू गुर्जर,जयेश राठौर, प्रदीप लोठिया सहित अनेक पदाधिकारीगण व सदस्यों ने गरोठ-भानपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, अनुविभागीय अधिकारी रविंद्र परमार एवं तहसीलदार विनोद शर्मा, भानपुरा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशफाक मोहम्मद खान, नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया से मांग की है कि नगर भानपुरा के मुख्य सड़क मार्गो पर एवं अनेक गली मोहल्ले में घनी बस्ती में हर कहीं विभिन्न तरह के मांसाहार की सामग्री का अवैध कारोबार फैला हुआ है जिससे सकल हिंदू सनातनी समाज एवं धर्मालु जनों की भावनाएं आहत हो रही है, इतना ही नहीं नगर में टीबी एवं अन्य प्रकार की संक्रमण बीमारियों के मरीजों की संख्या बढती जा रही है, इसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के आदेश का तत्काल पालन करते हुए नगर भानपुरा के मुख्य बाजारों एवं गली मोहल्लों की आवासीय बस्तियों से मांसाहारी एवं अंडे आदि की दुकान तत्काल प्रभाव से नगर परिषद भानपुरा द्वारा निर्मित मटन मार्केट में लगवाई जाए। श्री सनातन धर्म मंडल अध्यक्ष लालचंद रुद्रवाल एवं पदाधिकारी ने बताया कि सनातन धर्म मंडल द्वारा लगातार नगर भानपुरा से उपरोक्त अवैध दुकानों को हटाने हेतु कई बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद अध्यक्ष व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन एवं आवेदन पत्र देकर अपनी मांग रखी थी, परंतु किसी तरह की पर्याप्त कार्रवाई नहीं किए जाने से मीट, मछली, अंडे आदि के अवैध रूप से संचालन करने वाले दुकानदारों के हौसले बुलंद है। ऐसे में शाकाहार एवं सात्विक लोगों की भावनाओं को ठेस न पहुंचे और इन अवैध दुकानों को नगर भानपुरा क्षेत्र से तत्काल बाहर हटाया जाए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रभावी संचालन किया जाए-कलेक्टर

**केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहें**

**नीमच, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये प्रदेश के साथ ही नीमच में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यात्रा की तैयारियों के संबंध में गुरूवार को कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने कलेक्टोरेट में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि जिले में 16 दिसंबर से यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जायेगी। भारत सरकार द्वारा यात्रा के लिए सभी जिलों को आईईसी वेन उपलब्ध कराई गई है। इन आईईसी वैनों को जिले के सभी नगरीय निकाय एवं सभी ग्राम पंचायत में तय रूट चार्ट के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। आईईसी वेन द्वारा ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर पम्पलेट, बुकलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 2 और शहरी क्षेत्रों के लिए एक वाहन उपलब्ध कराएं गए हैं। यह वाहन निर्धारीत शेड्यूल के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचेंगे। प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में 2 पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्रामों को सम्मिलित करते हुए एक प्रमुख स्थान पर निर्धारित गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में 10 हजार की आबादी पर प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित होंगे। यात्रा के संचालन के लिए जिला स्तरीय , ब्लॉक स्तरीय , ग्राम एवं नगर की समितियां बनाई गई। साथ ही नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले में यात्रा का प्रभावी और सफलतापूर्वक संचालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के तहत निर्धारित शेड्यूल के अनुसार कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण करें। मैदानी स्तर पर सरपंच, सचिव , रोजगार सहायक, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यात्रा के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने कहा कि जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजन के पूर्व अधिक से अधिक व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। आईईसी वेन का भ्रमण कार्यक्रम के पूर्व संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार, हितग्राहियों के आवेदन, हितग्राही चयन, आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही की जाए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी का संदेश, संकल्प-विडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म के प्रदर्शन, मेरी कहानी मेरी जुबानी-लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार। प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत तकनीक आदि की जानकारी दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वच्छता गीत, एसएचजी, एफपीओ, स्कूल छात्र, स्थानीय कालाकरों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा , जिसमें सामान्य जाँच सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा उपचार की व्यवस्था रहेगी। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किये जायेगे ओर किसान,पशुपालन, मछुआरे जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं है, उनके आवेदन लेने की कार्यवाही की जाए, इसके लिए बैंकों से समन्वय किया जाएगा। इसके अन्तर्गत स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्त इकाइयों द्वारा एक स्टाल पर उपस्थित रहकर, वृद्धों, महिलाओं, बच्चों, युवाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी एवं विशेष रूप से टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान भारत कार्ड आदि कार्यक्रम संचालित किया जायेगा।

# लायंस क्लब असहाय की मदद के लिये हमेशा तत्पर है- डॉ.हुसैन

**शासकीय प्राथमिक विद्यालय चम्बल कालोनी के 156 बच्चों को स्वेटर वितरीत**



**मंदसौर, 14 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** लायन्स क्लब मन्दसौर द्वारा कपकपाती ठंड से बचाव के लिए चम्बल कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय मन्दसौर के नन्हे,मुन्ने बच्चों को उन्नी स्वेटर प्रदान किए

इस अवसर पर लायन अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन ने कहा कि लायंस क्लब असहाय की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। उनकी आवश्यकतानुसार सेवा कर उनके हितों के प्रति कृतसंकल्पित है। इसी कडी मे आज 156 विद्यार्थियों को लायन्स क्लब द्वारा स्वेटर वितरण किये जा रहे है। आपने बचो को राष्ट्र का निर्माता बताते हुए कहा कि अपने गुरुओं से शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर देश के लिए अपनी सेवाएं दे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती विद्या कुमावत ने लायन्स क्लब के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम का संचालन आशीष सिंह मंडलोई ने किया व आभार लायन सचिव प्रेमदेव पाटीदार ने माना। इस अवसर पर लायन राजेश मंडवारिया, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, हस्तीमल जैन, नेमकुमार गांधी, सुनील विजयवर्गीय आदि उपस्थित थे। विद्यालय के श्री किरणेन्द्र थोराट, श्रीमती सरोज कुडक्या, श्रीमती सुषमा गोडबोले ,श्री रचना वर्मा, श्रीमती मंजु सक्सेना और श्रीमती सरिता व्यास ने लायन्स क्लब को सहयोग प्रदान किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 42 | 2169 | 2226 |
| उडद | 44 | 5901 | 8950 |
| सोयाबीन | 8200 | 4300 | 4850 |
| गैहु | 1615 | 2430 | 3000 |
| चना | 69 | 5075 | 5500 |
| मसुर | 108 | 5375 | 5900 |
| धनिया | 336 | 4801 | 7402 |
| लहसुन | 9200 | 6000 | 24500 |
| मैथी | 629 | 4601 | 6200 |
| अलसी | 1000 | 4700 | 5230 |
| सरसो | 362 | 4781 | 5131 |
| तारामीरा | 1 | 4771 | 4771 |
| इसबगोल | 27 | 10000 | 18301 |
| प्याज | 10500 | 300 | 1901 |
| कलोंजी | 53 | 11001 | 16930 |
| डॉलर | 7 | 9800 | 14700 |
| तिल्ली | 7 | 14771 | 16241 |
| मटरसुखी | 3 | 1800 | 2199 |
| असालीया | 31 | 8451 | 10959 |

